# मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग

## राज्य सेवा (मुख्य) परीक्षा 2025

### विज्ञप्ति क्रमांक 01/मुख्य-परीक्षा/2025, दिनांक 19.06.2026

| ऑनलाइन आवेदन अवधि | प्रवेश पत्र उपलब्धता | परीक्षा अवधि |
|---|---|---|
| दिनांक 25.06.2026 से 15.07.2026 तक | दिनांक 10.08.2026 | दिनांक 17.08.2026 से 22.08.2026 तक |

01 मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा राज्य सेवा परीक्षा-2025 हेतु जारी विज्ञापन क्रमांक 45/2024 दिनांक 31.12.2024 के संदर्भ में आयोजित की गई, प्रारंभिक परीक्षा का परिणाम दिनांक 05.03.2025 को घोषित किया गया है। WP 9253/2025 अंतर्गत माननीय उच्च न्यायालय में लंबित आई.ए. नंबर 14061/2025 (I.A No. 14061 of 2025) दिनांक 18.06.2026 को माननीय उच्च न्यायालय द्वारा पारित निर्णय के अनुपालन में उक्त परीक्षा के आयोजन की अनुमति दी गई है । उक्त प्रारंभिक परीक्षा में अर्ह आवेदकों हेतु राज्य सेवा मुख्य परीक्षा-2025 दिनांक 17.08.2026 से दिनांक 22.08.2026 तक इंदौर, भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर, छिंदवाडा, रतलाम, सतना, सागर, शहडोल, बड़वानी, उज्जैन एवं बालाघाट स्थित परीक्षा केन्द्रों पर निम्नानुसार आयोजित की जाएगी :-

| दिनांक | विषय | समय |
|---|---|---|
| 17.08.2026 | सामान्य अध्ययन प्रथम प्रश्नपत्र | प्रातः 10:00 बजे से दोपहर पश्चात 1:00 बजे तक |
| 18.08.2026 | सामान्य अध्ययन द्वितीय प्रश्नपत्र | प्रातः 10:00 बजे से दोपहर पश्चात 1:00 बजे तक |
| 19.08.2026 | सामान्य अध्ययन तृतीय प्रश्नपत्र | प्रातः 10:00 बजे से दोपहर पश्चात 1:00 बजे तक |
| 20.08.2026 | सामान्य अध्ययन चतुर्थ प्रश्नपत्र | प्रातः 10:00 बजे से दोपहर पश्चात 1:00 बजे तक |
| 21.08.2026 | पंचम प्रश्नपत्र : सामान्य हिन्दी एवं व्याकरण | प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक |
| 22.08.2026 | षष्ठ प्रश्नपत्र : हिन्दी निबंध एवं प्रारूप लेखन | प्रातः 10:00 बजे से दोपहर पश्चात 12:30 बजे तक |

**महत्वपूर्ण निर्देश :-**

1. आगामी राज्य सेवा मुख्य परीक्षा-2025 प्रश्नोत्तर पुस्तिका (Structured Answer Copy/ Question Answer Booklet) के माध्यम से आयोजित की जाएगी। जिसमें अभ्यर्थी को प्रश्नोत्तर पुस्तिका (Question Answer Booklet) में प्रश्न के नीचे उत्तर लिखने के लिए दिए गए स्थान पर ही निर्धारित शब्द सीमा में अपना उत्तर लिखना होगा। अन्यत्र किसी स्थान पर उत्तर लिखने पर अमान्य किया जाएगा।
2. परीक्षार्थियों की संख्या तथा प्रशासनिक कारणों से केन्द्रों की संख्या को कम किया जा सकता है।
3. यह स्पष्ट किया जाता है कि षष्ठ प्रश्न-पत्र हिन्दी निबन्ध एवं प्रारूप लेखन, में सभी अभ्यर्थियों को हिन्दी में ही उत्तर देना होगा। अंग्रेजी माध्यम चयनित करने वाले आवेदकों को भी षष्ठ प्रश्न-पत्र का हिन्दी माध्यम से ही उत्तर देना होगा ।

02 राज्य सेवा प्रारंभिक लिखित परीक्षा मे सफ़ल पात्र अभ्यर्थियों को राज्य सेवा मुख्य परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र भरकर आवेदन तथा परीक्षा शुल्क का ऑनलाइन भुगतान करना आवश्यक होगा। मुख्य परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र दिनांक 25.06.2026 से 15.07.2026 तक www.mponline.gov.in, www.mppsc.mp.gov.in पर भरे जा सकते हैं। आवेदकों को मुख्य परीक्षा हेतु निम्नानुसार आवेदन एवं परीक्षा शुल्क देय होगाः-

| मध्य प्रदेश के मूल निवासी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमी लेयर), आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग तथा दिव्यांगजन अभ्यर्थियों के किए आवेदन एवं परीक्षा शुल्क | शेष सभी श्रेणी तथा मध्य प्रदेश के बाहर के निवासी अभ्यर्थियों के लिए आवेदन एवं परीक्षा शुल्क |
|---|---|
| रूपए 400/- | रूपए 800/- |
| उपरोक्त शुल्क के अतिरिक्त पोर्टल शुल्क 40/- (सेवाकर सहित) देय होगा। | |

**नोट : 1. आवेदक ऑनलाइन आवेदन पत्र में दिनांक 30.06.2026 से दिनांक 17.07.2026 तक त्रुटि सुधार भी कर सकेंगे। त्रुटि सुधार अवधि के पश्चात आवेदन पत्र में कोई सुधार नहीं किए जा सकेंगे। त्रुटि सुधार हेतु प्रति सुधार सत्र ₹50/- (सेवाकर सहित) देय होगा।**

2. **आवेदन तथा परीक्षा शुल्क एवं पोर्टल शुल्क के अतिरिक्त किसी भी रूप में अन्य कोई राशि का भुगतान नहीं करना है। यदि कियोस्कधारक द्वारा अतिरिक्त राशि की मांग की जाती है तो एम.पी. आनलाइन से हेल्पलाइन 0755-6720200 तथा 0755-6720201 पर संपर्क कर शिकायत दर्ज करवा सकते हैं।**

03 विलम्ब शुल्क सहित आवेदन :- आयोग की यह मान्यता है कि सभी अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि तक ऑनलाइन आवेदन भर देंगे । अतः अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे ऑनलाइन आवेदन करने की अन्तिम तिथि 15.07.2026 तक ऑनलाइन आवेदन पत्र भर दें, ताकि विलम्ब शुल्क के भुगतान की परिस्थिति उपस्थित न हो। अपरिहार्य कारणों से जो अभ्यर्थी अन्तिम तिथि तक ऑनलाइन आवेदन नहीं भर पाते हैं, उनकी सुविधा हेतु अन्तिम तिथि के बाद विलम्ब शुल्क के साथ आवेदन की निम्नांकित व्यवस्था उपलब्ध करायी जा रही है :-

| विलम्ब शुल्क ₹ 3000/- | | | | विलम्ब शुल्क ₹ 25000/- | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ऑनलाइन आवेदन | | त्रुटि सुधार | | ऑनलाइन आवेदन | | त्रुटि सुधार | |
| प्रारंभ तिथि | अंतिम तिथि | प्रारंभ तिथि | अंतिम तिथि | प्रारंभ तिथि | अंतिम तिथि | प्रारंभ तिथि | अंतिम तिथि |
| 16.07.2026 | 22.07.2026 | 18.07.2026 | 24.07.2026 | 23.07.2026 | 27.07.2026 | 25.07.2026 | 29.07.2026 |

04 जिन आवेदकों द्वारा मुख्य परीक्षा हेतु अंतिम तिथि तक ऑनलाइन आवेदन पत्र नहीं भरे जाएंगे, राज्य सेवा परीक्षा 2025 हेतु उनकी उम्मीदवारी स्वयंमेव समाप्त हो जाएगी एवं इस संदर्भ में कोई अभ्यावेदन मान्य न करते हुए उन्हें नस्तीबद्ध कर दिया जाएगा।

05 मुख्य परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र दिनांक 10.08.2026 से **www.mponline.gov.in, www.mppsc.mp.gov.in** पर ऑनलाइन उपलब्ध रहेंगे। प्रवेश पत्र डाक अथवा अन्य किसी माध्यम से प्रेषित नहीं किए जाएंगे। प्रवेश पत्र प्राप्ति हेतु आवेदक **mponline** के अधिकृत कियोस्क का भी उपयोग कर सकते हैं। कियोस्क के माध्यम से प्रवेश पत्र प्राप्ति हेतु ₹ 5/- पोर्टल शुल्क देय होगा ।

06 आवेदक कृपया ध्यान रखें कि परीक्षा केन्द्र पर प्रवेश पत्र के साथ निम्नांकित मान्य फ़ोटो युक्त मूल पहचान-पत्र प्रस्तुत करने एवं उससे पहचान की पुष्टि होने के पश्चात ही परीक्षा देने की अनुमति मिलेगी :-

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मतदाता परिचय पत्र | 2 | आधार कार्ड (फ़ोटोकापी मान्य) | 3 | ड्रायविंग लायसेंस |
| 4 | आयकर का पेन कार्ड | 5 | पासपोर्ट | 6 | फ़ोटो सहित बैंक पासबुक |
| 7 | केन्द्र एवं राज्य सरकार एवं सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, स्थानीय निकाय एवं अन्य नियोक्ताओं द्वारा जारी फ़ोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र | 8 | शिक्षण संस्थाओं में अध्ययनरत आवेदकों के मामले में शिक्षण संस्था के प्रमुख द्वारा अधिकतम तीन वर्ष पूर्व जारी फ़ोटो पहचान पत्र | | |
| 9 | राजपत्रित अधिकारी द्वारा प्रमाणित नवीनतम फ़ोटो परिचय-पत्र | | | | |
| **विशेष निर्देशः सभी अभ्यर्थियों को परीक्षा में सम्मिलित होते समय संक्रामक रोगों के संबंध में स्थानीय प्रशासन द्वारा जारी अनुदेशों का पालन करना अनिवार्य है।** | | | | | |

07 राज्य सेवा मुख्य परीक्षा-2025 में "सामान्य अध्ययन" के चार प्रश्न-पत्र एवं "सामान्य हिन्दी एवं व्याकरण" तथा "हिन्दी निबंध एवं प्रारूप लेखन" के एक-एक प्रश्न-पत्र होंगे। सामान्य अध्ययन के चारों प्रश्नपत्र हिन्दी तथा अंग्रेजी माध्यम में तथा शेष दोनों प्रश्न-पत्र ("सामान्य हिन्दी एवं व्याकरण" तथा तथा "हिन्दी निबंध एवं प्रारूप लेखन") केवल हिन्दी माध्यम में होंगे। राज्य सेवा मुख्य परीक्षा के आवेदन-पत्र में अभ्यर्थियों को सामान्य अध्ययन के प्रश्न-पत्रों के भाषा विकल्प (हिन्दी अथवा अंग्रेजी) का चयन कर सकेंगे ।

08 राज्य सेवा मुख्य परीक्षा-2025 की परीक्षा योजना तथा पाठ्यक्रम आयोग की वेबसाइट **www.mppsc.mp.gov.in** पर प्रकाशित की गई है।

उप सचिव